की नियुक्ति के संबंध में कोई नीति बनाने का विचार रखती है;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) और (ख) एक हवाई टैक्सी प्रचालक द्वारा एफ-27 विमान के प्रचालन के लिए एक विदेशी कॉकपिट कर्मीदल सदस्य की नियुक्ति की गई है। किसी भी विदेशी राष्ट्रिकों को कर्मीदल सदस्य नियुक्त नहीं किया जाता है।

(ग) से (ङ) क्योंकि निजी हवाई टैक्सी प्रचालकों द्वारा विदेशी राष्ट्रिकों की नियुक्ति बड़े पैमाने पर नहीं की गई है, अतः इस समय इस संबंध में किसी भी मार्गदर्शी नीति को तैयार करना आवश्यक नहीं समझा गया है।

महाराष्ट्र में इंडियन एयरलाइंस और वायुदूत की उड़ानों का रद्द किया जाना

3074. **श्री सुशील कुमार संभाजी राव शिन्दे** : क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान 15 नवम्बर 1993 की स्थिति के अनुसार महाराष्ट्र में इंडियन एयरलाइन्स और वायुदूत की कौन-कौन सी उड़ानें सदा के लिए रद्द कर दी गई हैं;

(ख) इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या यह सच है कि रत्नागिरी और नांदेड आदि जैसे स्थानों से नियमित उड़ान सेवा शुरू करने के लिए हर तरफ से मांग की गई परन्तु इस संबंध में कोई कार्यवाही नहीं की गयी है; और

(घ) यदि हां, तो सरकार किन किन स्थानों से विमान सेवाएं शुरू करने का विचार रखती है?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) और (ख) वाणिज्यिक और प्रचालनात्मक कारणों से इंडियन एयरलाइंस और वायुदूत ने पिछले तीन वर्षों के दौरान महाराष्ट्र में निम्नलिखित उड़ानों को वापस ले लिया है:

इंडियन एयरलाइंस:

(1) बम्बई-अहमदाबाद-जयपुर-वाराणसी-कलकत्ता और वापसी।
(2) बम्बई-रांची-पटना-बम्बई।
(3) बम्बई-रायपुर-भुवनेश्वर-कलकत्ता।

वायुदूत:

(1) बम्बई-औरंगाबाद-बम्बई
(2) बम्बई-गोवा-बम्बई
(3) बम्बई-औरंगाबाद-नांदेड
(4) बम्बई-पुणे-इंदौर
(5) बम्बई-पुणे-नांदेड
(6) बम्बई-बड़ौदा-बम्बई
(7) बम्बई-भावनगर-बम्बई
(8) बम्बई-सूरत-भावनगर
(9) बम्बई-नासिक-बम्बई
(10) बंबई-औरंगाबाद-नासिक-बंबई
(11) बम्बई-जामनगर-राजकोट
(12) बम्बई-जामनगर-बम्बई।

(ग) जी हां।

(घ) इस समय महाराष्ट्र में किसी नये स्टेशन को हवाई सेवा से जोड़ने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

एयरबस ए-320 शामिल करने के लिए यूरोपीय बैंक से ऋण

3075. **श्री दिलीप सिंह भूरिया** : क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सातवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान एयर इंडिया और इंडियन एयरलाइन्स के बेड़े में नयी एयरबस ए-320 शामिल करने के लिए यूरोपीय बैंक से सरकार द्वारा कुल कितनी धनराशि का ऋण लिया गया है;

(ख) यदि हां, तो विमान कंपनी-वार इन खरीदों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या यह सच है कि एयरबस भारतीय नागर विमानन के लिए लाभदायक साबित नहीं हुई और अनेक दुर्घटनाएं हो रही हैं;